# कार्यालय, प्रधानाचार्य

## गुरु गोबिन्द सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज, कुर्सी रोड, ग्राम–गुड़म्बा, लखनऊ-226026

पत्रांक— 792 /स्पो0का0/KISCE/2026 लखनऊः दिनांकः 18.9.2026

सेवा में,

प्रभारी अधिकारी के०आई०सी० एवं के०आई०एस०सी०ई०,
खेलो इंडिया - 2 प्रभाग, भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI),
जे०एल०एन० स्टेडियम, लोधी रोड, नई दिल्ली - 110003

**विषय: KISCE लखनऊ मैनपावर विज्ञापन पत्रांक-756 दिनांक 15-09-2026 के संबंध में प्राप्त ईमेल दिनांक- 16 सितम्बर, 2026 (अपराह्न 03:57 बजे एवं सायं 08:31 बजे) की आपत्तियों का अनुपालन के संबंध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक संदर्भित ईमेल्स का संदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें जिनके माध्यम से गुरु गोबिन्द सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज, लखनऊ में स्थापित Khelo India State Centre of Excellence (KISCE) हेतु निर्गत विज्ञापन संख्या-756/स्पो0का0/KISCE/2026 दिनांक 15.09.2026 के अंतर्गत पदों एवं मानदेय के संबंध में विसंगतियों को इंगित करते हुए सुधार की अपेक्षा की गई है। उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि प्राप्त दोनों ईमेल्स में उल्लिखित समस्त आपत्तियों एवं मानदेय संबंधी निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए संशोधित तालिका निम्नवत है-

| विज्ञापन क्र०सं० | विज्ञापन में पूर्व प्रकाशित विवरण- दिनांक 15.09.2026 | संशोधित / पठित विवरण | विवरण |
|---|---|---|---|
| 03 | पद: Young Professional<br>मानदेय: ₹40,000/- प्रतिमाह | पद: Young Professional<br>मानदेय: ₹40,000/- से ₹60,000/- प्रतिमाह | प्रथम इमेल के क्रम-5 के अनुसार संशोधित। |
| 04 | पद: Physiotherapist - Lead<br>मानदेय: ₹60,000/- से ₹80,000/- प्रतिमाह | पद: Physiotherapist – Grade I<br>मानदेय: ₹40,000/- से ₹60,000/- प्रतिमाह | प्रथम इमेल के क्रम-1 के अनुसार पदनाम एवं मानदेय संशोधित। |
| 06 | पद: Strength & Conditioning Expert - Lead<br>मानदेय: ₹80,000/- से ₹1,00,000/- प्रतिमाह | पद: Strength & Conditioning – Lead<br>मानदेय: ₹1,00,000/- से ₹1,50,000/- प्रतिमाह | द्वितीय इमेल के अनुसार मानदेय संशोधित। |
| 08 | पद: Masseur<br>मानदेय: ₹35,000/- प्रतिमाह | पद: Masseur<br>मानदेय: ₹35,000/- से ₹55,000/- प्रतिमाह | प्रथम इमेल के क्रम-5 के अनुसार मानदेय संशोधित। |
| 10 | पद: Nutritionist<br>मानदेय: ₹60,000/- से ₹80,000/- प्रतिमाह | पद: Nutritionist<br>मानदेय: ₹75,000/- से ₹1,00,000/- प्रतिमाह | प्रथम इमेल के क्रम-4 के अनुसार मानदेय संशोधित। |
| 11 | पद: Junior Sports Science Staff<br>मानदेय: ₹40,000/- से ₹60,000/- प्रतिमाह | पद: Sports Medicine Doctor - Lead<br>मानदेय: ₹1,00,000/- से ₹1,50,000/- प्रतिमाह | प्रथम इमेल के क्रम-2 के अनुसार पदनाम एवं मानदेय अद्यतन । |
| 12 | पद: Doctor Assistance Technician<br>मानदेय: ₹25,000/- प्रतिमाह | पद: Anthropometrist Grade I<br>मानदेय: ₹40,000/- से ₹60,000/- प्रतिमाह | प्रथम इमेल के क्रम-2 के अनुसार पदनाम एवं मानदेय अद्यतन । |

उक्त संशोधनों के उपरांत शुद्धि-पत्र तद्नुसार संशोधित विस्तृत विज्ञापन कॉलेज की वेबसाइट एवं संबंधित समाचार पत्रों में सर्वसाधारण की जानकारी हेतु प्रसारित कराया जा रहा है। उक्त शुद्धि-पत्र की प्रतिलिपि आपकी सेवा में सादर प्रेषित है।

**संलग्नक: यथोपरि।**

(दीपेन्द्र यादव)
प्रधानाचार्य।

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित—

1. सचिव, खेल विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. निदेशक, साई लखनऊ रीजनल सेंटर।
3. निदेशक खेल, खेल निदेशालय, उत्तर प्रदेश, खेल भवन, लखनऊ।
4. कालेज वेबसाइट/खेलसाथी पोर्टल पर अपलोड किया जाये।
5. संबंधित पत्रावली।

(दीपेन्द्र यादव)
प्रधानाचार्य।

# कार्यालय, प्रधानाचार्य

## गुरु गोबिन्द सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज, कुर्सी रोड, ग्राम–गुडम्बा, लखनऊ-226026

पत्रांक– 791 /स्पो0का0/KISCE/2026 लखनऊ: दिनांक: 18.9.2026

## शुद्धि पत्र

गुरु गोबिन्द सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज, लखनऊ में स्थापित Khelo India State Centre of Excellence (KISCE), Lucknow के संचालन हेतु 13 स्टाफ मैनपावर की संविदा के आधार पर भर्ती हेतु पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन पत्रांक-756/स्पो0का0/KISCE/2026 दिनांक 15.09.2026 के संबंध में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न पदों के नाम एवं उनके मानदेय को पूर्व में प्रकाशित उक्त विज्ञापन के स्थान पर निम्नवत पढ़ा जाये-

| विज्ञापन क्र०सं० | विज्ञापन में पूर्व प्रकाशित विवरण- दिनांक 15.09.2026 | संशोधित / पठित विवरण |
|---|---|---|
| 03 | पद: Young Professional<br>मानदेय: ₹40,000/- प्रतिमाह | पद: Young Professional<br>मानदेय: ₹40,000/- से ₹60,000/- प्रतिमाह |
| 04 | पद: Physiotherapist - Lead<br>मानदेय: ₹60,000/- से ₹80,000/- प्रतिमाह | पद: Physiotherapist – Grade I<br>मानदेय: ₹40,000/- से ₹60,000/- प्रतिमाह |
| 06 | पद: Strength & Conditioning Expert - Lead<br>मानदेय: ₹80,000/- से ₹1,00,000/- प्रतिमाह | पद: Strength & Conditioning – Lead<br>मानदेय: ₹1,00,000/- से ₹1,50,000/- प्रतिमाह |
| 08 | पद: Masseur<br>मानदेय: ₹35,000/- प्रतिमाह | पद: Masseur<br>मानदेय: ₹35,000/- से ₹55,000/- प्रतिमाह |
| 10 | पद: Nutritionist<br>मानदेय: ₹60,000/- से ₹80,000/- प्रतिमाह | पद: Nutritionist<br>मानदेय: ₹75,000/- से ₹1,00,000/- प्रतिमाह |
| 11 | पद: Junior Sports Science Staff<br>मानदेय: ₹40,000/- से ₹60,000/- प्रतिमाह | पद: Sports Medicine Doctor - Lead<br>मानदेय: ₹1,00,000/- से ₹1,50,000/- प्रतिमाह |
| 12 | पद: Doctor Assistance Technician<br>मानदेय: ₹25,000/- प्रतिमाह | पद: Anthropometrist Grade I<br>मानदेय: ₹40,000/- से ₹60,000/- प्रतिमाह |

1- तद्नुसार पूर्व विज्ञापन संख्या-756 दिनांक-15-09-2026 का संशोधित विस्तृत विज्ञापन कालेज वेबसाइट पर उपलब्ध है।

2- आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि (**दिनांक 28-09-2026 सायं 5.00 बजे तक**) यथावत रहेंगी।

(दीपेन्द्र यादव)
प्रधानाचार्य।

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित–

1. सचिव, खेल विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. निदेशक, खेलो इण्डिया, साई हेडक्वार्टर, नई दिल्ली।
3. निदेशक, साई लखनऊ रीजनल सेंटर।
4. निदेशक खेल, खेल निदेशालय, उत्तर प्रदेश, खेल भवन, लखनऊ।
5. कालेज वेबसाइट/खेलसाथी पोर्टल पर अपलोड किया जाये।
6. संबंधित पत्रावली।

17.9.26
(दीपेन्द्र यादव)
प्रधानाचार्य।

# कार्यालय, प्रधानाचार्य

## गुरु गोबिन्द सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज, कुर्सी रोड, ग्राम–गुडम्बा, लखनऊ-226026

पत्रांक– 787 /स्पो0का0/KISCE/2026 लखनऊः दिनांकः 17.9.2026

## विज्ञापन संख्या-756 दिनांक-15-09-2026 का संशोधन

गुरु गोबिन्द सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज, लखनऊ में स्थापित Khelo India State Centre of Excellence (KISCE), Lucknow के संचालन हेतु 13 स्टाफ मैनपावर की संविदा के आधार पर भर्ती हेतु पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन पत्रांक-756/स्पो0का0/KISCE/2026 दिनांक 15.09.2026 के सम्बंध मं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न पदों के नाम एवं उनके मानदेय को पूर्व प्रकाशित उक्त विज्ञापन के स्थान पर निम्नवत पढ़ा जाये-

| क्र0सं0 | सेवा का नाम | संख्या | मानदेय प्रतिमाह | विस्तृत विवरण क्रम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | High Performance Manager | 01 | ₹1,00,000/- से ₹1,50,000/- | बिंदु संख्या-A-1 |
| 2 | Head Coach Athletics | 01 | ₹1,00,000/- से ₹1,50,000/- | बिंदु संख्या- A-2 |
| 3 | Young Professional | 01 | ₹40,000/- से ₹60,000/- | बिंदु संख्या- A-3 |
| 4 | Physiotherapist – Grade I | 01 | ₹40,000/- से ₹60,000/- | बिंदु संख्या- A-4 |
| 5 | Physiotherapist – Grade-II | 01 | ₹60,000/- से ₹80,000/- | बिंदु संख्या- A-5 |
| 6 | Strength & Conditioning – Lead | 01 | 1,00,000/- से ₹1,50,000/- | बिंदु संख्या- A-6 |
| 7 | Physiologist – Grade-II | 01 | ₹60,000/- से ₹80,000/- | बिंदु संख्या- A-7 |
| 8 | Masseur | 02 | ₹35,000/- से ₹55,000/- | बिंदु संख्या- A-8 |
| 9 | Psychologist – Grade-II | 01 | ₹60,000/- से ₹80,000/- | बिंदु संख्या- A-9 |
| 10 | Nutritionist | 01 | ₹75,000/- से ₹1,00,000/- | बिंदु संख्या- A-10 |
| 11 | Sports Medicine Doctor - Lead | 01 | ₹1,00,000/- से ₹1,50,000/- | बिंदु संख्या- A-11 |
| 12 | Anthropometrist Grade I | 01 | ₹40,000/- से ₹60,000/- | बिंदु संख्या- A-12 |
| Total- | | 13 | | |

नोट-

1.उपरोक्त सेवाओं की चयन प्रक्रिया खेलो इण्डिया द्वारा मैनपावर हेतु निर्धारित **Hiring Norms** एवं अन्य लागू दिशा-निर्देशों के अनुरूप सम्पन्न की जायेगी।

2. आयु की गणना आवेदन की अन्तिम तिथि अर्थात दिनांक-28-09-2026 के अनुसार की जायेगी।

3. पूर्णतया भरे आवेदन पत्र संलग्नकों सहित पंजीकृत डाक द्वारा, प्रधानाचार्य, गुरु गोबिंद सिंह स्पोटर्स कालेज, कुर्सी रोड, गुडम्बा,लखनऊ-226026 अथवा कालेज इमेल आई0डी0- **sportscollegelko.up@gmail.com** के माध्यम से दिनांक-28-09-2026 की सांय 5.00 बजे तक स्वीकार्य होंगे।

4. सेवावार पदों का विस्तृत विवरण निम्नवत है-

## A- सेवा-वार विस्तृत विवरण

**1. High Performance Manager (HPM) – 01**

(क) मानदेय: ₹1,00,000/- से ₹1,50,000/- प्रतिमाह।

(ख) आयु एवं अर्हता (Eligibility Criteria):

- अधिकतम आयु 65 वर्ष।
- Master Sports (MSI/PHD/MBA) के साथ कम से कम 10 वर्ष का Research Experience
- **अथवा** Senior Category में India का प्रतिनिधित्व करने वाले Eminent Player के रूप में कम से कम 05 वर्ष का Sports Management/Research Experience
- **अथवा** Indian Players को प्रशिक्षित करने वाले Eminent Coach के रूप में कम से कम 10 वर्ष का Sports Management/Research Experience

(ग) भूमिका एवं उत्तरदायित्व

ए- भूमिका का उद्देश्य

महानिदेशक के मार्गदर्शन में हाई परफॉर्मेंस मैनेजर की प्रमुख जिम्मेदारियाँ निम्नवत होंगी—

1. राष्ट्रीय उच्च प्रदर्शन कार्यक्रम एवं नीतियों तथा उससे संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विकास एवं क्रियान्वयन करना।
2. प्रदर्शन में निवेश एवं सहयोग कार्यक्रमों के प्रभावी, दक्ष एवं मितव्ययी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने हेतु एक पेशेवर एवं उच्च प्रदर्शन करने वाली टीम का नेतृत्व एवं विकास करना।
3. खेलो इण्डिया स्टेट लेवल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (KISCE), खेलो इण्डिया योजना तथा भारतीय खेल प्राधिकरण के अन्य प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम विकसित करने हेतु समग्र नेतृत्व प्रदान करना।
4. कार्यक्रम के प्रशिक्षकों, खेल वैज्ञानिकों एवं खिलाड़ियों के साथ निकटता से कार्य करते हुए प्रशिक्षण एवं प्रतियोगिता दोनों स्तरों पर प्रदर्शन की निगरानी करना, आंकड़ों का संकलन करना तथा संबंधित पक्षों को विस्तृत विश्लेषणात्मक जानकारी उपलब्ध कराना।
5. प्रशिक्षकों एवं हाई परफॉर्मेंस टीम के सदस्यों के ज्ञानवर्धन हेतु प्रदर्शन क्षेत्र में हो रहे नवीनतम विकासों की निरंतर निगरानी करना।

**बी. मुख्य चुनौतियाँ (Key Challenges)**

1. अत्यधिक प्रतिस्पर्धात्मक एवं जटिल बहु-खेल वातावरण में कार्य करना।
2. विभिन्न हितों एवं कार्यसूचियों वाले अनेक हितधारकों के साथ समन्वयपूर्वक कार्य करना।
3. अन्य विशेषज्ञों के साथ निकट समन्वय स्थापित करते हुए विभिन्न विषयों से संबंधित प्रदर्शन आवश्यकताओं का समन्वित रूप से क्रियान्वयन सुनिश्चित करना।

**सी. मुख्य उत्तरदायित्व (Key Accountabilities)**

**(क) प्रदर्शन मूल्यांकन (Performance Evaluation)**

1. लागू योजनाओं के अंतर्गत सभी खिलाड़ियों का प्रदर्शन मूल्यांकन NSF द्वारा अनुमोदित प्रोटोकॉल के अनुसार सुनिश्चित करना।
2. हाई परफॉर्मेंस टीम के परामर्श से खिलाड़ियों के प्रदर्शन का विश्लेषण करना।
3. टीम के साथ परीक्षण प्रोटोकॉल का निरंतर मूल्यांकन करते हुए प्रणाली में सुधार हेतु सुझाव देना।
4. अन्य टीम सदस्यों के साथ मिलकर उपयुक्त हस्तक्षेप नीतियों एवं खिलाड़ियों की आवश्यकताओं का आकलन करना तथा नियमित खिलाड़ी मूल्यांकन एवं प्रदर्शन समीक्षा में भाग लेना।

**(ख) निगरानी (Monitoring)**

1. विभिन्न KISCE केन्द्रों में प्रशिक्षण कार्यक्रमों का डिजाइन एवं क्रियान्वयन सुनिश्चित करना।

2. खेल विज्ञान टीम द्वारा निर्धारित Sports Science interventions का निर्धारित समय-सीमा में समुचित समन्वय के साथ क्रियान्वयन सुनिश्चित करना।
3. सभी प्रदर्शन परीक्षणों से संबंधित आंकड़ों की प्रविष्टि सुनिश्चित करना।

**(ग) आंकड़ा संकलन एवं समेकन (Data Assimilation)**

1. NSRS System में परीक्षणों से संबंधित आंकड़ों का संकलन एवं प्रविष्टि करना।
2. सभी प्रशिक्षकों एवं हाई परफॉर्मेंस टीम के सदस्यों द्वारा प्रणाली का निरंतर उपयोग सुनिश्चित करना।

**(घ) सामान्य (General)**

1. सभी प्रशिक्षकों एवं अन्य Sports Science टीम सदस्यों के साथ सहयोगात्मक रूप से कार्य करते हुए संगठनात्मक एवं प्रदर्शन-उन्मुख परिणाम सुनिश्चित करना।
2. सभी प्रयोगशाला एवं फील्ड उपकरणों की कार्यशील एवं उपयोग हेतु तैयार स्थिति सुनिश्चित करना।

**(ड.) प्रदर्शन प्रेरक (Performance Driver)**

1. राष्ट्रीय उच्च प्रदर्शन कार्यक्रम एवं खिलाड़ी विकास चैनलों के सभी घटकों की योजना बनाना, पर्यवेक्षण करना, क्रियान्वित करना एवं मूल्यांकन करना, ताकि राष्ट्रीय/KISCE खिलाड़ियों में सतत उत्कृष्ट प्रदर्शन सुनिश्चित हो सके तथा कोच-नेतृत्व एवं खिलाड़ी-केंद्रित विकास सुनिश्चित किया जा सके।
2. KISCE की रणनीतिक योजना, उच्च प्रदर्शन योजना एवं वार्षिक योजनाओं में लक्ष्यों एवं कार्यक्रम योजनाओं का दस्तावेजीकरण करना।
3. उच्च प्रदर्शन कार्यक्रम से जुड़े सभी हितधारकों को नेतृत्व एवं तकनीकी विशेषज्ञता प्रदान करना।
4. उच्च प्रदर्शन कार्यक्रम की दृष्टि एवं लक्ष्यों का प्रभावी संप्रेषण करना।
5. खेल वैज्ञानिकों, चिकित्सा एवं पैरामेडिकल स्टाफ तथा परियोजना प्रबंधकों को अंतरराष्ट्रीय विकास, प्रदर्शन तथा पुनर्वास एवं रिकवरी से संबंधित रुझानों का अध्ययन एवं विश्लेषण करने हेतु मार्गदर्शन देना।
6. समय-समय पर प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षण स्थलों एवं खेल मैदानों का निरीक्षण करना तथा खेल एवं प्रतियोगिताओं में उपस्थित होकर खिलाड़ी मूल्यांकन हेतु समग्र मार्गदर्शन प्रदान करना।
7. SAI/NSFs के समन्वय से खिलाड़ियों के प्रदर्शन में सुधार हेतु टीम द्वारा निरंतर आवश्यकता विश्लेषण (Need Analysis) सुनिश्चित करना।

**(च) खेल विकास (Sport Development)**

1. जूनियर खिलाड़ियों के विकास कार्यक्रमों को क्रियान्वित करना।
2. प्रतिभा पहचान (Talent Identification) कार्यक्रमों का समन्वय, एकीकरण एवं नेतृत्व करना।
3. उच्च प्रदर्शन प्रणाली में खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने हेतु संरचित खिलाड़ी विकास मार्ग (Athlete Pathways) विकसित, प्रोत्साहित एवं क्रियान्वित करना।
4. खिलाड़ियों को बनाए रखना तथा उनकी प्रतिभा का पोषण करना।
5. खेल विकास के सभी स्तरों के खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक विकास को अधिकतम करना।

**(छ) संगठन एवं प्रबंधन (Organisation & Management)**

1. संपूर्ण उच्च प्रदर्शन कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन की संस्कृति एवं वातावरण विकसित करना।
2. उच्च प्रदर्शन कार्यक्रम के खिलाड़ियों को उत्कृष्ट कोचिंग, खेल विज्ञान, चिकित्सा एवं जीवनशैली संबंधी सहायता उपलब्ध कराना सुनिश्चित करना।

3. उच्च प्रदर्शन योजना के लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु आवश्यक कौशल एवं अनुभव वाले कोचिंग एवं सपोर्ट स्टाफ की भर्ती, निर्देशन एवं प्रबंधन करना।
4. सभी उच्च प्रदर्शन स्टाफ के वार्षिक प्रदर्शन उद्देश्यों का निर्धारण एवं समीक्षा करना।
5. खेल वैज्ञानिकों तथा चिकित्सा एवं पैरामेडिकल स्टाफ के साथ निकटता से कार्य करते हुए उपयुक्त खेल विज्ञान एवं चिकित्सा सहायता संरचना लागू करना।
6. प्रभावी मानव संसाधन प्रबंधन प्रक्रियाओं एवं व्यवहार के माध्यम से स्टाफ का अच्छा मनोबल बनाए रखना।

**(ज) कार्मिक प्रबंधन (Personnel Management)**

1. प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्यों के क्रियान्वयन में प्रशिक्षकों के साथ समन्वय एवं सहयोग करना।
2. KISCE टीम के सभी कार्यक्रमों के कोच एवं स्टाफ, जिसमें खेल विज्ञान एवं पैरामेडिकल कार्मिक शामिल हैं, की गतिविधियों का प्रबंधन एवं समन्वय करना।
3. KISCE खिलाड़ियों के High-Performance Managers/Project Managers/Project Leaders का निर्देशन एवं प्रबंधन करना।
4. KISCE/क्षेत्रीय निदेशकों के साथ साझेदारी में उच्च प्रदर्शन से संबंधित प्रशासनिक कार्यों का निर्देशन एवं प्रबंधन करना।

**2. Head Coach Athletics – 01**

- **(क) मानदेय:** ₹1,00,000/- से ₹1,50,000/- प्रतिमाह।
- **(ख) अनिवार्य शैक्षिक अर्हता एवं अनुभव (Essential Conditions / Education Qualification):**
  - SAI/NS NIS अथवा किसी मान्यता प्राप्त भारतीय/विदेशी विश्वविद्यालय से कोचिंग में डिप्लोमा (Diploma in Coaching) तथा ओलंपिक/विश्व कप/विश्व चैम्पियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया हो। संबंधित राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय फेडरेशन का सर्टिफिकेट कोर्स अनिवार्य है। कंप्यूटर का कार्यसाधक ज्ञान आवश्यक है। कोचिंग का न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव आवश्यक है।
  - **अथवा:** सीनियर/जूनियर भारतीय टीमों के साथ कोचिंग का अनुभव या द्रोणाचार्य/ अर्जुन/ ध्यानचंद पुरस्कार से सम्मानित या जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेता तैयार किए हों। कोचिंग का न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव आवश्यक है।
  - **अथवा** केंद्र सरकार/राज्य सरकार/ PSU के कर्मचारी इस पद के लिये आवेदन कर सकते है हलांकि डेप्यूटेशन पर एसी सभी पास्टिंग के लिये DoPT के भर्ती नियम लागू होंगे।
  - **अथवा इस पद के लिये आवेदन करने के इच्छुक साई के स्थाई कर्मचारियों को सीनियर डायरेक्टर(खेलो इण्डिया) को सम्बोधित एक सेल्फ अटेस्टेड पत्र <u>sai.slkic@gmail.com</u> पर भेजना होगा। उन्हें इस विज्ञापन के जरिए आवेदन नही करना है। वहीं साई के कान्ट्रैक्ट पर कार्यरत कर्मी को इस विज्ञापन के जवाब में सीधे केआईएससीई को तय प्रक्रिया के अनुसार आवेदन करना होगा।**
- (ग) कार्य दायित्व **(Roles & Responsibilities):**
  - प्रदर्शन प्रबंधन-

A. प्रदर्शन का मूल्यांकन करना और सकारात्मकता एवं प्रेरणा के साथ आलोचना को संतुलित करते हुए उपयुक्त फीडबैक प्रदान करना।

B. एथलीट के प्रदर्शन में ताकतों (strengths) और कमजोरियों (weaknesses) का आकलन करना और आगे के विकास के लिए क्षेत्रों की पहचान करना।

1. समूह या व्यक्तिगत प्रशिक्षुओं की जरूरतों और रुचियों के अनुकूल कार्य करना।
2. स्पष्ट और सरल भाषा का उपयोग करके निर्देश और कमांड देना।
3. प्रतिभागियों को कौशल, ज्ञान और तकनीक हासिल करने और विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करना।
4. यह सुनिश्चित करना कि प्रशिक्षु हर समय स्वास्थ्य और सुरक्षा के उच्च मानकों पर प्रशिक्षण लें और प्रदर्शन करें।
5. एथलीटों में आत्मविश्वास (confidence) और आत्म-विश्वास (self-belief) को प्रेरित करना।
6. फिटनेस, चोट, खेल मनोविज्ञान, पोषण और खेल विज्ञान का ज्ञान और समझ विकसित करना।
7. प्रदर्शन की निगरानी और माप के लिए आईटी-आधारित संसाधनों (IT-based resources) के साथ काम करना।
8. एक रोल मॉडल के रूप में कार्य करना, तथा लोगों का सम्मान और विश्वास हासिल करना।
9. प्रदर्शन प्रबंधन में अन्य भागीदारों, जैसे कि कोच, फिजियोथेरेपिस्ट, डॉक्टर और न्यूट्रिशनिस्ट के साथ संपर्क (Liaising) करना।
10. हर समय उच्च कानूनी और नैतिक मानकों पर कार्य करना (विशेष रूप से बाल सुरक्षा, लैंगिक समानता और यौन उत्पीड़न से सुरक्षा सहित स्वास्थ्य और सुरक्षा आवश्यकताओं के संबंध में)।

<u>योजना एवं प्रबंधन</u>

1. व्यक्तिगत प्रशिक्षण कार्यक्रम (personalized training programmers) तैयार करना।
2. प्रशिक्षुओं के प्रदर्शन का रिकॉर्ड बनाए रखना।
3. बैठकों और अन्य खेल आयोजनों में प्रशिक्षुओं की उपस्थिति का समन्वय करना।
4. समूहों और व्यक्तियों के लिए गतिविधियों के कार्यक्रम की योजना बनाना और चलाना।
5. प्रशिक्षण सत्रों और खेल आयोजनों में प्रशिक्षुओं को लाने-ले जाने के लिए अन्य कोचों के साथ समन्वय करना।
6. सभी हितधारकों को शामिल करके स्पॉन्सरशिप एग्रीमेंट खोजना और उसके लिए आवेदन करना।
7. प्रतिभागियों के लिए उपयुक्त प्रतियोगिताएं खोजना।
8. अन्य कोचों के परामर्श से कार्य अनुसूची (work schedule) की योजना बनाना।

**3. Young Professional – 01**

**(क) मानदेय (Remuneration): ₹40,000/- से ₹60,000/- प्रतिमाह।**

**(ख) आयु, अर्हता एवं अनुभव: आयु:** अधिकतम आयु 32 वर्ष।

**अनिवार्य अर्हता (Essential):** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ मास्टर डिग्री (Master's degree) अथवा समकक्ष योग्यता / बैचलर डिग्री के साथ स्पोर्ट्स मैनेजमेंट में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा। **अथवा** न्यूनतम 03 वर्ष के कार्य अनुभव के साथ ग्रेजुएट।

- वांछनीय (Desirable): अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले और बैचलर डिग्री धारक उम्मीदवार अथवा MBA या स्पोर्ट्स मैनेजमेंट में पोस्ट ग्रेजुएशन करने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।
  PDF
- **सामान्य कौशल (General):** कंप्यूटर का अच्छा ज्ञान (विंडोज और माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस एप्लीकेशन, विशेषकर MS Word और MS Excel)। आत्मविश्वासी, स्व-प्रेरित (self-driven) और टीम प्लेयर होना चाहिए। साथ ही अंग्रेजी और हिंदी पढ़ने, लिखने और बोलने की क्षमता होनी चाहिए।
  PDF+ 2

- **(ग) कार्य दायित्व (Job Description):**
  - KISCE में कार्यरत मैनपावर और सामग्री/संसाधनों (material/resources) के डेटा का रखरखाव (Maintain) करना।
  - राज्य खेल विभाग की KISCE योजना के क्रियान्वयन में सहायता, समन्वय और प्रबंधन करना।
  - KISCE में प्रशासन (administration) से संबंधित सभी कार्य करना।
  - KISCE से संबंधित विषयों/प्रश्नों पर विभिन्न विभागों के साथ समन्वय (Coordinating) करना।
  - पत्र (letters), फाइल नोटिंग (file noting), आदेश (orders) आदि की ड्राफ्टिंग करना।
  - रिपोर्टिंग अथॉरिटी द्वारा सौंपा गया कोई अन्य कार्य करना।

**4. Physiotherapist – Grade I – 01**

**(क) मानदेय: ₹40,000/- से ₹60,000/- प्रतिमाह।**

- **(ख) आयु एवं अर्हता: अधिकतम आयु 45 वर्ष। किसी मान्यता प्राप्त भारतीय अथवा विदेशी विश्वविद्यालय से Master's in Physiotherapy (MPT) तथा न्यूनतम 03 वर्ष का Physiotherapist के रूप में कार्य अनुभव।**

**(ग) कार्य दायित्व (Roles & Responsibilities):**

1. फिजियोथेरेपी प्रोटोकॉल की योजना बनाना और उन्हें विकसित करना
2. कैंप/सेंटर में एथलीटों की वर्तमान और पूर्व चोटों (present and past injuries) का रिकॉर्ड संधारित करना।
3. हाइड्रोथेरेपी (hydrotherapy), सौना/स्टीम बाथ (sauna/steam bath) और सेंटर में उपलब्ध अन्य सुविधाओं का प्रबंधन करना।
4. टीम डॉक्टर के परामर्श से एथलीटों के लिए चोट से बचाव की रणनीति (injury prevention strategy) विकसित करना।
5. मैदान (field) पर चोट प्रबंधन (Injury management) करना।
6. एथलीटों के दिन-प्रतिदिन (day to day) चोट से बचाव और पुनर्वास (rehabilitation) के लिए उत्तरदायी होना।
7. चोट से बचाव की रणनीति में सहयोग करना।
8. हाई परफॉरमेंस डायरेक्टर, स्पोर्ट्स साइंस हेड, रीजनल हेड और महानिदेशक (राज्य खेल विभाग) द्वारा सौंपा गया कोई अन्य कार्य करना।

**5. Physiotherapist – Grade-II – 01**

- **(क) मानदेय: ₹60,000/- से ₹80,000/- प्रतिमाह।**
- **(ख) आयु एवं अर्हता: अधिकतम आयु 45 वर्ष। किसी मान्यता प्राप्त भारतीय अथवा विदेशी विश्वविद्यालय से Master's in Physiotherapy (MPT) तथा न्यूनतम 03 वर्ष का Physiotherapist के रूप में कार्य अनुभव।**

**(ग) कार्य दायित्व (Roles & Responsibilities):**

1. फिजियोथेरेपी प्रोटोकॉल की योजना बनाना और उन्हें विकसित करना
2. कैंप/सेंटर में एथलीटों की वर्तमान और पूर्व चोटों (present and past injuries) का रिकॉर्ड संधारित करना।
3. हाइड्रोथेरेपी (hydrotherapy), सौना/स्टीम बाथ (sauna/steam bath) और सेंटर में उपलब्ध अन्य सुविधाओं का प्रबंधन करना।
4. टीम डॉक्टर के परामर्श से एथलीटों के लिए चोट से बचाव की रणनीति (injury prevention strategy) विकसित करना।
5. मैदान (field) पर चोट प्रबंधन (Injury management) करना।
6. एथलीटों के दिन-प्रतिदिन (day to day) चोट से बचाव और पुनर्वास (rehabilitation) के लिए उत्तरदायी होना।
7. चोट से बचाव की रणनीति में सहयोग करना।
8. हाई परफॉरमेंस डायरेक्टर, स्पोर्ट्स साइंस हेड, रीजनल हेड और महानिदेशक (राज्य खेल विभाग) द्वारा सौंपा गया कोई अन्य कार्य करना।

**6. Strength & Conditioning Expert – Lead – 01**

**(क) मानदेय:** ₹1,00,000/- से ₹1,50,000/- प्रतिमाह।

**(ख) आयु एवं अर्हता:**

आयु: अधिकतम आयु 45 वर्ष।

**शैक्षिक अर्हता:** किसी मान्यता प्राप्त भारतीय अथवा विदेशी विश्वविद्यालय से Bachelor's / Master's in Sports and Exercise Science / Sports Science / Sports Coaching;

**अथवा:** किसी भी विषय में ग्रेजुएशन (Any Graduation) के साथ ASCA Level-1 or above / CSCS / UK SCA Accredited Coach / Diploma in Fitness Training / Certificate Course in Fitness Training.

**(ग) कार्य दायित्व (Roles & Responsibilities):**

1.Long-Term Athletic/Fitness Development Model के अनुसार Research-driven Practices को ध्यान में रखते हुए, सभी एथलीटों के लिए In-season, Off-season और Pre-season स्ट्रेंथ ट्रेनिंग और कंडीशनिंग प्रोग्राम तैयार करना और लागू करना।

2.चोटिल एथलीटों (Injured Athletes) के पुनर्वास (Rehabilitation) और मजबूती (Strengthening) के लिए स्पोर्ट्स मेडिसिन या एथलेटिक ट्रेनिंग स्टाफ के साथ मिलकर काम करना।

3.खेल प्रशिक्षकों (Sport Coaches), स्पोर्ट्स मेडिसिन और स्ट्रेंथ व कंडीशनिंग स्टाफ के बीच सहयोगात्मक संबंध (Collaborative relationship) स्थापित करना।

4.राज्य खेल विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग प्रोग्राम के लिए नीतियां और प्रक्रियाएं (Policies and Procedures) तैयार करना और लागू करना।

5.खेल प्रशिक्षकों के साथ मिलकर एथलीटों की उपस्थिति और उनकी प्रगति को ट्रैक करने के लिए प्रणाली (Systems) विकसित करना।

6. प्रत्येक खेल सीज़न के समापन पर कोचिंग स्टाफ और स्पोर्ट्स साइंस टीम के साथ मिलकर प्रत्येक खेल टीम के लिए वार्षिक आवश्यकता-विश्लेषण (Annual needs-analysis) करना।
7. प्रतिवर्ष विभागीय जोखिम प्रबंधन योजना (Risk management plan) का संचालन और समीक्षा करना।
8. कार्यक्रम के लिए एक वार्षिक बजट प्रस्ताव तैयार करना, जिसमें नियमित रखरखाव (Routine maintenance), नए उपकरणों की खरीद और स्टाफ की आवश्यकताएं शामिल हों।
9. सेंटर के एथलीट कोड ऑफ कंडक्ट (Athlete Code of Conduct) में दिए गए निर्देशों के अनुसार एथलीटों के पाठ्यक्रम और पाठ्येतर गतिविधियों (Extra-curricular activities) के आचरण हेतु अपेक्षाएं निर्धारित और सुदृढ़ करना।
10. व्यावसायिक विकास गतिविधियों (Professional development activities) की रूपरेखा सहित वार्षिक मूल्यांकन (Annual evaluation) करना।
11. स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग के क्षेत्र में नवीनतम तरीकों और तकनीकों पर शोध (Research) करना।
12. भारतीय एथलीटों के लिए मानदंड (Norms) बनाने का सुझाव देने हेतु एथलीटों से एकत्र किए गए डेटा का विश्लेषण करना।
13. एथलीट मैनेजमेंट सिस्टम (Athlete Management System) में या एथलीटों के प्रदर्शन मूल्यांकन से संबंधित सभी आवश्यक डेटा सक्रिय रूप से दर्ज करना।
14. हाई परफॉरमेंस डायरेक्टर, स्पोर्ट्स साइंस हेड, रीजनल हेड और महानिदेशक (राज्य खेल विभाग) द्वारा सौंपा गया कोई अन्य कार्य करना।

**7. Physiologist – Grade-II – 01**

- **(क) मानदेय:** ₹60,000/- से ₹80,000/-प्रतिमाह।
- **(ख) आयु एवं अर्हता:** अधिकतम आयु 40 वर्ष। MBBS अथवा Master's in Medical Physiology/Human Physiology/Sports and Exercise Physiology.

**8. Masseur – 02**

- **(क) मानदेय:** ₹35,000/- से ₹55,000/- प्रतिमाह।
- **(ख) आयु, अर्हता एवं अनुभव:**
  - **आयु:** अधिकतम आयु 35 वर्ष।
  - **शैक्षिक अर्हता:** किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10+2 (इंटरमीडिएट) उत्तीर्ण तथा किसी मान्यता प्राप्त संस्था से Masseur / Masseuse / Massage Therapy/स्पोटर्स मैस्यूर/मस्यूज संबंधी Certificate Course या Skill Development Programme
  - **अनुभव:** न्यूनतम 02 वर्ष का कार्य अनुभव।

**9. Psychologist – Grade-II – 01**

- **(क) मानदेय (Remuneration):** ₹60,000/- से ₹80,000/- प्रतिमाह।
- **(ख) आयु, अर्हता एवं अनुभव:**
  - **आयु (Age Limit):** अधिकतम आयु 35 वर्ष।

- अनिवार्य शैक्षिक अर्हता **(Educational Qualification):** किसी मान्यता प्राप्त भारतीय अथवा विदेशी विश्वविद्यालय से Clinical Psychology / Applied Psychology / Sports Psychology / Developmental / Child Development में मास्टर्स डिग्री (Master's degree)।

**10. Nutritionist – 01**

- **(क) मानदेय:** ₹75,000/- से ₹1,00,000/- प्रतिमाह।
- **(ख) आयु, अर्हता एवं अनुभव:**
  - **आयु:** अधिकतम आयु 40 वर्ष।
  - **अनिवार्य अर्हता (Educational Qualification):** किसी मान्यता प्राप्त भारतीय अथवा विदेशी विश्वविद्यालय से M.Sc.(Nutrition) की डिग्री।
  - **अनुभव (Experience):** कुल न्यूनतम 05 वर्ष का कार्य अनुभव, जिसमें स्पोर्ट्स अकादमियों/संस्थानों (Sports Academies/Institutions) के साथ काम करने का न्यूनतम 01 वर्ष का अनुभव शामिल हो।
- **(ग) कार्य दायित्व (Roles & Responsibilities):**
  - विभाग के निर्धारित प्रोटोकॉल/मानकों का उपयोग करते हुए एथलीटों की पोषण स्थिति (Nutritional status) और आहार संबंधी आवश्यकताओं (Dietary needs) का मूल्यांकन करना तथा उनकी व्यक्तिगत रिपोर्ट तैयार करना।
  - एथलीटों के लिए खेल-विशिष्ट मासिक चक्रीय मेनू चार्ट (sport specific monthly cyclic menu chart) विकसित करना और मेनू में शामिल सभी व्यंजनों (recipes) को मानकीकृत (standardize) करना।
  - मेनू के अनुपालन, स्वाद और पकाने की सही प्रक्रियाओं की जांच के लिए नियमित रूप से मेस (Mess) का निरीक्षण करना।
  - रसोई (Kitchen), डाइनिंग और उससे जुड़े क्षेत्रों की स्वच्छता (hygiene, sanitation) और साफ-सफाई की निगरानी करना।
  - स्वस्थ खान-पान और जीवनशैली की आदतों (healthy eating and lifestyle habits) को बढ़ावा देना तथा व्यक्तिगत पोषण योजनाएं (personalized nutrition plans) और काउंसलिंग सत्र (counseling sessions) आयोजित करना।
  - बीमारी के मामलों में या पोषण संबंधी कमियों को दूर करने के लिए विशेष भोजन की व्यवस्था, विकास, विश्लेषण, परीक्षण और उसे तैयार करना।
  - डाइट अनुपालन और अन्य सुझाई गई सिफारिशों को प्राप्त करने के प्रति एथलीटों को प्रेरित करके समूह परामर्श (group counseling) आयोजित करना।
  - स्पोर्ट्स साइंस सपोर्ट टीम, स्पोर्ट्स साइंस हेड, सेंटर हेड और अन्य प्रशासनिक कर्मचारियों के साथ समन्वय (Coordinating) स्थापित करना।
  - हाई परफॉरमेंस डायरेक्टर, स्पोर्ट्स साइंस हेड और रीजनल हेड द्वारा सौंपा गया कोई अन्य कार्य करना।

**11. Sports Medicine Doctor (Lead) – 01**

- **(क) मानदेय:** ₹1,00,000/- से ₹1,50,000/- प्रतिमाह।
- **(ख) आयु, अर्हता एवं अनुभव:**
  - **आयु:** अधिकतम 45 वर्ष से कम।

- अनिवार्य अर्हता (Essential): Erstwhile MCI (Medical Council of India) द्वारा मान्यता प्राप्त Sports Medicine में MD अथवा Post Graduate Diploma
- अनुभव (Experience): Sports Medicine में Post Graduate Diploma के लिए राष्ट्रीय/राज्य स्तरीय एथलीटों के साथ रिसर्च/कार्य का न्यूनतम 05 वर्ष का अनुभव
- अथवा Sports Medicine में MD के लिए राष्ट्रीय/राज्य स्तरीय एथलीटों के साथ रिसर्च/कार्य का न्यूनतम 02 वर्ष का अनुभव।
- वांछनीय (Desirable):
- रिसर्च गाइड एवं डेवलपमेंट (R&D) गतिविधियों का समावेश।
- टीम द्वारा संचालित रिसर्च प्रोजेक्ट के अनुमोदन हेतु उत्तरदायी एवं रिसर्च गाइड के रूप में कार्य करने की क्षमता।

- **(ग) कार्य दायित्व (Roles & Responsibilities):**
  - राष्ट्रीय कोचिंग कैंप की शुरुआत में सभी कैंपों का वार्षिक चिकित्सा परीक्षण (Annual Medical Examination) करना और उसके परिणाम सूचित करना।
  - संबंधित केंद्र के एथलीटों और स्टाफ की दिन-प्रतिदिन की चोटों (day to day injuries) की देखभाल करना।
  - बायोकेमिकल मार्कर (biochemical markers) में कमी वाले एथलीटों की काउंसलिंग करना और उस कमी को दूर करने के लिए उपयुक्त योजना विकसित करना।
  - मेडिकल टीम के प्रमुख (Head) के रूप में कार्य करना तथा चोट प्रबंधन (Injury Management), खेल में वापसी (Return to play) और पुनर्वास (Rehabilitation) के लिए टीम के फिजियोथेरेपिस्ट और मालिशिये (Masseur) के साथ निकट समन्वय में कार्य करना।
  - एप्लाइड रिसर्च (Applied research) में योगदान देना।
  - भारत या विदेश में प्रकाशित SCI इंडेक्स्ड पीयर-रिव्यू जर्नल्स (peer reviewed journals) में प्रकाशन करना।
  - हाई परफॉरमेंस डायरेक्टर, स्पोर्ट्स साइंस हेड, रीजनल हेड और महानिदेशक (राज्य खेल विभाग) द्वारा सौंपा गया कोई अन्य कार्य।

**12. Anthropometrist Grade I – 01**

- **(क) मानदेय:** ₹40,000/- से ₹60,000/- प्रतिमाह।
- **(ख) आयु एवं अर्हता:** अधिकतम आयु 40 वर्ष। Masters' degree in Physical Anthropology or Human biology.
- **(ग) कार्य दायित्व:** खिलाड़ियों के Anthropometry से संबंधित कार्य एवं असेसमेंट।

## B. सामान्य नियम एवं शर्तें (Common Terms & Conditions)

1. **KISCE परियोजना अधिकतम 03 वर्ष की अवधि की है जिसे अतिरिक्त 02 वर्ष तक विस्तारित किया जा सकता है।**
2. **संविदा की अवधि एवं प्रकृति: चयनित अभ्यर्थी को प्रारम्भ में 01 वर्ष अथवा 01 खेल सत्र, जो भी लागू हो, के लिए संविदा के आधार पर सेवा हेतु रखा जायेगा। संतोषजनक कार्य-प्रदर्शन, आवधिक Performance Review, KISCE की आवश्यकता एवं परियोजना की निरन्तरता के आधार पर संविदा को 01-01 वर्ष/खेल**

सत्र के लिये, परियोजना की अवधि अर्थात 03 वर्ष के लिये तथा परियोजना विस्तारित होने पर अतिरिक्त 02 वर्ष अर्थात संविदा को 01-01 वर्ष/खेल सत्र के लिये आगे बढ़ाया जा सकेगा।

3. स्क्रीनिंग एवं शॉर्टलिस्टिंग: विज्ञापन के माध्यम से प्राप्त आवेदन-पत्रों एवं संलग्न अभिलेखों की निर्धारित अर्हताओं एवं **Khelo India Manpower Hiring Norms** के अनुसार स्क्रीनिंग की जायेगी।
4. स्क्रीनिंग कमेटी का विशेषाधिकार: निर्धारित अर्हताओं को पूर्ण करने वाले पात्र अभ्यर्थियों की स्क्रीनिंग के उपरान्त चयन प्रक्रिया की अग्रिम कार्यवाही हेतु कितने अभ्यर्थियों को बुलाया जाना है, उसका निर्धारण करना स्क्रीनिंग कमेटी का विशेषाधिकार होगा। स्क्रीनिंग कमेटी आवेदन-पत्रों की संख्या, अभ्यर्थियों की अर्हता, योग्यता, अनुभव एवं अन्य प्रासंगिक परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए अपने विवेकानुसार अभ्यर्थियों की संख्या निर्धारित कर सकेगी जो कि अधिकतम 10 गुना होगी।
5. शॉर्टलिस्ट किये गये अभ्यर्थियों की सूची तथा **Interview/Selection Process** से संबंधित सूचना कॉलेज की वेबसाइट/अन्य उपयुक्त माध्यम से प्रकाशित/प्रेषित की जा सकेगी।
6. चयन प्रक्रिया: चयन प्रक्रिया में आवश्यकतानुसार **Interview/Oral Test/Discipline Specific Assessment** आदि सम्मिलित होंगे तथा चयन **Khelo India Manpower Hiring Norms** के अनुरूप किया जायेगा।
7. मानदेय: चयनित अभ्यर्थी को संबंधित सेवा के समक्ष उल्लिखित निर्धारित मानदेय देय होगा। मानदेय से नियमानुसार **Income Tax/TDS** आदि की कटौती की जायेगी।
8. अन्य भत्ते: **Joining** हेतु **TA/DA** देय नहीं होगा। निर्धारित मानदेय के अतिरिक्त किसी अन्य भत्ते/सुविधा (जैसे- महँगाई भत्ता (**DA**), आवास/**HRA**, चिकित्सा, परिवहन आदि) का दावा देय नहीं होगा। आधिकारिक **Tour** पर **TA/DA**, यदि लागू हो, तो सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार देय होगा।
9. चयनित अभ्यर्थी को खेलो इण्डिया के नियमानुसार प्रति **Calendar Year** अवकाश देय होगा।
10. कार्य की प्रकृति: चयनित अभ्यर्थी पूर्णकालिक आधार पर कार्य करेगा तथा संविदा अवधि के दौरान सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित **Duty Hours** एवं कार्यस्थल पर नियमित रूप से उपस्थित रहना होगा।
11. प्रमाण-पत्रों का सत्यापन: आवेदन में उल्लिखित शैक्षिक योग्यता, अनुभव एवं अन्य प्रमाण-पत्रों का सत्यापन चयन के किसी भी चरण में किया जा सकेगा। मूल प्रमाण-पत्र प्रस्तुत न करने अथवा किसी प्रमाण-पत्र/सूचना के असत्य अथवा भ्रामक पाये जाने पर अभ्यर्थिता/संविदा निरस्त की जा सकेगी।
12. वर्तमान सेवायोजित अभ्यर्थी: केन्द्र/राज्य सरकार, स्वायत्तशासी संस्था अथवा अन्य सरकारी संगठन में कार्यरत अभ्यर्थी को, जहाँ आवश्यक हो, अपने वर्तमान नियोक्ता से **NOC** प्रस्तुत करना होगा।
13. असंतोषजनक कार्य-प्रदर्शन, कदाचार, अनुशासनहीनता, कर्तव्यों की उपेक्षा अथवा अनधिकृत अनुपस्थिति की स्थिति में सक्षम प्राधिकारी द्वारा संविदा समाप्त की जा सकेगी।
14. भर्ती/चयन प्रक्रिया के संबंध में सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।
15. सक्षम प्राधिकारी को किसी भी स्तर पर विज्ञापन अथवा चयन प्रक्रिया को बिना कारण बताये निरस्त/स्थगित/संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
16. चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति/संविदा **KISCE Project** एवं उपलब्ध बजट/स्वीकृति के अधीन होगी।

**C. सामान्य गोपनीयता खंड (Common Confidentiality Clause)** *(सभी पदों के लिए अनिवार्य)*

1. चयनित व्यक्ति KISCE/कॉलेज/सरकार से संबंधित किसी भी गोपनीय अथवा गैर-सार्वजनिक सूचना, जिसमें **Athlete Performance Data, Medical Records, Coaching Data, Research Data** आदि सम्मिलित हैं, को किसी अनधिकृत व्यक्ति अथवा संस्था को उपलब्ध या प्रसारित नहीं करेगा।

2. चयनित व्यक्ति अपने कार्यकाल के दौरान प्राप्त किसी भी गोपनीय सूचना का किसी पुस्तक, लेख, प्रसारण अथवा अन्य माध्यम से प्रकाशन या प्रसार सक्षम प्राधिकारी की पूर्व लिखित अनुमति के बिना नहीं करेगा।
3. चयनित व्यक्ति लागू गोपनीयता प्रावधानों तथा 'भारतीय आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम, 1923' (Official Secrets Act, 1923), जहाँ लागू हो, के प्रावधानों का कड़ाई से पालन करेगा।
4. चयनित व्यक्ति सरकार अथवा KISCE के हितों के प्रतिकूल किसी प्रकार की सार्वजनिक राय अथवा सलाह नहीं देगा।

D. <u>महत्वपूर्ण निर्देश</u>

1. आवेदन-पत्र: इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप में आवेदन-पत्र भरकर आवश्यक प्रमाण-पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियों सहित प्रस्तुत करेंगे। निर्धारित आवेदन-पत्र का प्रारूप Annexure-A के रूप में संलग्न है।
2. आवेदन-पत्र के साथ शैक्षिक योग्यता, अनुभव, जन्मतिथि, पहचान-पत्र तथा संबंधित सेवा हेतु आवश्यक अन्य प्रमाण-पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियां संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. अभ्यर्थी आवेदन करने से पूर्व संबंधित सेवा की अर्हता, मानदेय, कार्य दायित्व एवं सामान्य नियम एवं शर्तों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें।
4. निर्धारित अर्हताओं को पूर्ण करने वाले पात्र अभ्यर्थियों की स्क्रीनिंग के उपरान्त चयन प्रक्रिया की अग्रिम कार्यवाही हेतु कितने अभ्यर्थियों को बुलाया जाना है, उसका निर्धारण करना स्क्रीनिंग कमेटी का विशेषाधिकार होगा। स्क्रीनिंग कमेटी प्राप्त आवेदन-पत्रों की संख्या, अभ्यर्थियों की निर्धारित अर्हता एवं योग्यता तथा अन्य प्रासंगिक परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए अपने विवेकानुसार/ अधिकतम दस गुना पात्र अभ्यर्थियों की संख्या निर्धारित कर सकेगी तथा तदनुसार अभ्यर्थियों को चयन प्रक्रिया की अग्रिम कार्यवाही हेतु बुलाया जायेगा। तथा केवल न्यूनतम अर्हता पूर्ण करने से अभ्यर्थी को Interview/अग्रिम चयन प्रक्रिया हेतु बुलाये जाने का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा।
5. अपूर्ण आवेदन-पत्र अथवा निर्धारित समय-सीमा के पश्चात प्राप्त आवेदन-पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।
6. चयनित अभ्यर्थियों को Joining के समय आवेदन में उल्लिखित प्रमाण-पत्रों के मूल अभिलेख प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
7. भर्ती प्रक्रिया Khelo India Manpower Hiring Norms एवं अन्य लागू दिशा-निर्देशों के अनुरूप संचालित की जायेगी।

(दीपेन्द्र यादव)
प्रधानाचार्य।

<u>संख्या एवं दिनांक तदैव।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित—

1. सचिव, खेल विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. निदेशक, खेलो इण्डिया, साई हेडक्वार्टर, नई दिल्ली।
3. निदेशक, साई लखनऊ रीजनल सेंटर।
4. निदेशक खेल, खेल निदेशालय, उत्तर प्रदेश, खेल भवन, लखनऊ।
5. कालेज वेबसाइट/खेलसाथी पोर्टल/दैनिक जागरण एवं टाइम्स आफ इण्डिया में प्रकाशनार्थ।
6. संबंधित पत्रावली।

(दीपेन्द्र यादव)
प्रधानाचार्य।

# कार्यालय, गुरु गोबिंद सिंह स्पोटर्स कालेज, लखनऊ।

**ANNEXURE–A :**

**APPLICATION FORM**

PASTE LATEST PHOTO HERE

**Post Applied For:** ______________________________

**Name of Candidate:** ______________________________

**Father's/Husband's Name:** ______________________________

**Date of Birth:** ______________________________

**Gender:** ______________________________

**Nationality:** ______________________________

**Correspondence Address:** ______________________________

**Permanent Address:** ______________________________

**Mobile Number:** ______________________________

**E-mail ID:** ______________________________

**1. Educational Qualifications**

| क्र० सं० | परीक्षा/डिग्री | विषय | विश्वविद्यालय/संस्थान | वर्ष | प्रतिशत/CGPA |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 10वीं | | | | |
| 2 | 12वीं | | | | |
| 3 | Graduation | | | | |
| 4 | Post Graduation | | | | |
| 5 | अन्य | | | | |

**2. Professional/Technical Qualification**

| क्र० सं० | Qualification/Certificate | संस्था | वर्ष | विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | |
| 2 | | | | |

**3. Work Experience**

| क्र० सं० | संस्था/Organisation | पद | From | To | कुल अवधि | कार्य का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | |
| 2 | | | | | | |

**4. Sports Participation/Achievement**

***International Level***

| क्र० सं० | प्रतियोगिता/Event | वर्ष | देश/स्थान | उपलब्धि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | |

***National Level***

| क्र० सं० | प्रतियोगिता/Event | वर्ष | राज्य/स्थान | उपलब्धि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | |

**Present Employment, if any:** ___________________________________

**Any other relevant information:** ________________________________

**DECLARATION-**

मैं _____________________________________________ यह घोषित करता/करती हूँ कि इस आवेदन-पत्र में दी गई समस्त जानकारी मेरे ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्य एवं सही है। यदि किसी स्तर पर कोई सूचना गलत, भ्रामक, अपूर्ण अथवा तथ्य छिपाई हुई पाई जाती है अथवा मैं निर्धारित अर्हता पूरी नहीं करता/करती हूँ, तो मेरी **candidature/appointment** बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त की जा सकती है।
मैं **KISCE Lucknow** की सभी निर्धारित शर्तों एवं नियमों का पालन करने के लिए सहमत हूँ।

स्थान: ____________ अभ्यर्थी के हस्ताक्षर: _________________

दिनांक: ____________ नाम: _______________________________

**संलग्नक (List of Enclosures):**

1. दो **Passport Size Photographs**
2. शैक्षिक प्रमाण-पत्र
3. अनुभव प्रमाण-पत्र
4. खेल प्रमाण पत्र
5. आधार कार्ड की छायाप्रति
6. पते का प्रमाण पत्र
7. जन्मतिथि प्रमाण पत्र
8. NOC, जहाँ लागू हो
9. अन्य कोई आवश्यक प्रमाण पत्र